Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged delay in incompleted work of widening of National Highway from Raebareli to Prayagraj.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रयागराज से लखनऊ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण रायबरेली से लखनऊ तक संपन्न हो चुका है, लेकिन रायबरेली से प्रयागराज का फोर-लेन चौड़ीकरण अभी तक संपन्न नहीं हो पाया है । देश की आजादी से पूर्व प्रयागराज उत्तर प्रदेश की राजधानी रहा है तथा वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय समेत उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कई कार्यालयों का मुख्यालय प्रयागराज में ही स्थित है । … (व्यवधान)

20.21 hrs (Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

सभापति महोदय, इस नाते आम जन मानस का बड़े पैमाने पर प्रयागराज से लखनऊ का आवागमन रहता है । उक्त राजमार्ग के चौड़ीकरण के अभाव में आवागमन में अत्यंत असुविधा रहती है । अत: मैं प्रयागराज की जनता की तरफ से यह मांग करती हूं कि कृपया उक्त राजमार्ग को एक्सप्रेस वे हेतु स्वीकृत करने की कृपा करें । धन्यवाद ।